छात्रा की मौत के बाद यूनाइटेड कालेज में हंगामा, चक्काजाम

मिर्जापुर हाईवे पर दो घंटे ठप रहा गमनागमन, पुलिस ने संभाला मोर्चा

नैनी (प्रयागराज)। औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित यूनाइटेड कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (यूसीईआर) में बीटेक की छात्रा गुन गुप्ता की बीमारी के चलते हुई मौत के बाद बुधवार को विद्यार्थियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने कालेज के मुख्य द्वार पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

प्रदर्शनकारी छात्रों का गंभीर आरोप है कि गुन गुप्ता की तबीयत बिगड़ने पर कालेज प्रशासन द्वारा समय रहते समुचित चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध नहीं करायी गई, जिससे उसकी हालत बिगड़ती चली गयी और अंततः उसकी जान चली गयी। बुधवार को जैसे ही छात्रा की मौत की खबर संस्थान में पहुंची, परिसर में तनाव फैल गया। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं एकत्रित होकर कालेज गेट पर बैठ गये और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। छात्रों का कहना है कि वह पीलिया से पीड़ित थी और कक्षा में कम उपस्थिति के दबाव में कालेज जा रही थी।

छात्रों ने मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने, लापरवाही के जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध सख्त काररवाई करने, पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा देने और कालेज फीस वापसी की मांग उठाई। इस दौरान छात्रों के मुख्य मार्ग पर बैठ जाने से मिर्जापुर हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। हाईवे जाम और हंगामे की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाने की पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची।

पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी छात्रों को काफी देर तक समझा-बुझाकर शांत कराया और निष्पक्ष काररवाई का भरोसा देकर सड़क से जाम हटवाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कालेज प्रशासन ने आंदोलनकारी छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए आमंत्रित किया है। पुलिस का कहना है कि छात्रा की बीमारी की बात सामने आयी है। वहीं छात्रों ने कालेज प्रशासन पर आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है। खबर लिखे जाने तक मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था।



यूनाइटेड कालेज में छात्रा की मौत के बाद प्रदर्शन करते छात्र।



शुआट्स में 'नशा मुक्त युवा फार विकसित भारत-१०० संडे संकल्प अभियान' के तहत हेल्थ वाक-रन निकालते विद्यार्थी।

शुआट्स में नशामुक्त युवा अभियान के तहत हेल्थ वाक-रन

नैनी (प्रयागराज)। सैम हिगिनबाटम यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलाजी एंड साइंसेज (शुआट्स) के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं एथलेटिक्स समिति की ओर से बुधवार को 'नशा मुक्त युवा फार विकसित भारत-१०० संडे संकल्प अभियान' के तहत हेल्थ वाक-रन का आयोजन किया गया। अभियान फिक्की और युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग के एमवाई भारत के सहयोग से हुआ।

सुबह सात बजे प्रशासनिक भवन से शुरू हुई वाक-रन विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों और मार्गों से होते हुए फुटबाल ग्राउंड तथा एनिमल हसबेंडरी टर्न तक पहुंची और वापस प्रशासनिक भवन में समाप्त हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रो. सीजे वेस्ली और शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष आशीष मैसी ने विश्वविद्यालय ध्वज दिखाकर वाक-रन को रवाना किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रो. वेस्ली ने नशामुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयास की अपील की। कुलपति प्रो. (डा.) आईआर जोनाथन ए. लाल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. देवी सिंह, डा. दीपक बोस, डा. सुनीता बी. जान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

फांसी के फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

मायके पक्ष ने जतायी हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा थाना क्षेत्र के पांती गांव में गुरुवार को २१ वर्षीय विवाहिता गायत्री का शव घर के कमरे में पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताई है, हालांकि पुलिस को अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है।



मृतका गायत्री की फाइल फोटो।

बताया गया कि दोपहर करीब १:३० बजे घर का दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो गायत्री का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला। उसका करीब डेढ़ साल का बच्चा है। घटना से पहले पति से फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी होने की बात सामने आई है। गायत्री की शादी वर्ष २०२३ में चिंतामणि से हुई थी। चिंतामणि पुणे में नौकरी करता है। सूचना पर एसीपी मेजा बृजेश पाठक, मेजारोड चौकी प्रभारी हरिओम सिंह और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फारेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस घटना से जुड़ी जानकारी जुटा रही है।

डीआईजी मेडिकल ने बच्चों को दिया स्वच्छता का संदेश, खुद संभाली झाड़ू

प्राथमिक विद्यालय जैतवारडीह में सीआरपीएफ जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

सहसों (प्रयागराज)। प्राथमिक विद्यालय जैतवारडीह परिसर में गुरुवार को डीआईजी मेडिकल डा. राजेश गर्ग के नेतृत्व में सीआरपीएफ जवानों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान डा. राजेश गर्ग ने जवानों के साथ खुद झाड़ू लगाकर विद्यालय परिसर में फैले कूड़े-कचरे की सफाई की। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। डा. गर्ग ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण जरूरी है। घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्र को साफ रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की। सीआरपीएफ जवानों ने परिसर की सफाई कर कूड़ा एकत्र किया। अभियान के दौरान शिक्षकों और मौजूद लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर डा. शालिनी सोरेंग, निरीक्षक डीसी देवरी, गुलशन वशिष्ठ, प्रधानाचार्य डा. राममाया त्रिपाठी, रश्मि मिश्रा, पूजा सिंह, सविता, रामनरेश पटेल, प्रदीप पटेल सीआरपीएफ जवान और विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

गाली-गलौज कर पीटा, जान से मारने की दी धमकी

मांडा में दो नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मांडा (प्रयागराज)। मामा से गाली-गलौज की शिकायत करने पर युवक को कथित तौर पर पीटने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भारतगंज चौकी क्षेत्र के बादपुर गांव निवासी विक्रम सिंह के अनुसार वह रात करीब १० बजे महेवा कला से घर लौट रहे थे। बूढ़ेनाथ मंदिर के पास उन्होंने २५ सितंबर को अपने मामा के साथ हुई गाली-गलौज के बारे में वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। आरोप है कि इससे नाराज होकर नीरज पुत्र बबलू और अतुल पुत्र मंगला ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने उसे उपचार के लिए मांडा सीएचसी भेजा। मामले की जांच की जा रही है।

३.०५ टन सरिया चोरी का खुलासा, पांच गिरफ्तार

नैनी (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने रिंग रोड निर्माण स्थल से सरिया चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब ३०५० किलो सरिया और चोरी में इस्तेमाल वाहन बरामद किया है। फरार दो ठेकेदारों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार जीपीटी इन्फ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड के प्रतिनिधि दिलीप घोषाल की तहरीर पर ३० सितंबर को कारवाई की गयी। कंपनी के सुरक्षा कर्मियों ने लवायन कलां स्थित निर्माण स्थल पर कुछ लोगों को कटी हुई सरिया वाहन में लादते देखा था।

कर्मचारियों ने उन्हें पकड़कर पुलिस को सूचना दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शेखू अंसारी, गुलाम हसन, मो. फिरोज, मो. अली और बृजेश्वर प्रसाद के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे ठेकेदार कन्हैया चाहर और मुफीद अहमद के कहने पर सरिया ले जा रहे थे। दोनों ठेकेदार मौके से फरार हो गये।

पुलिस ने सरिया का वजन कराकर उसे कब्जे में ले लिया और वाहन को कागजात नहीं मिलने पर धारा २०७ एमवी एक्ट में सीज कर दिया। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा ३०३(२)/३१७(२) के तहत कारवाई की गयी है।

सूचना-मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2005 अनुक्रमांक 1198820 का अंकपत्र तथा सह प्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है। सुनीता देवी पुत्री काशी नाथ ग्राम-भिदिउरा पो0-थरवई प्रयागराज

सूचना

मेरा डी0एल0-यू0पी0 7020050024154 में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश राम धारी सिंह (Ram Dhari Singh) अंकित हो गया है जो कि गलत है जबकि पैनकार्ड एवं वोटर आईडी में मेरे पिता का नाम राम धारी यादव (Ram Dhari Yadav) है जो सत्य व सही है। अतः मेरे डी0एल0 में पिता का सही नाम राम धारी यादव दर्ज किया जाना न्यायसंगत होगा। राम सिंह पुत्र राम धारी यादव पता-बी-144, मेंहदौरी तेलियरगंज प्रयागराज

CHANGE OF NAME

It is notified for public information that in School records of my child/Son ARPIT SINGH studying in class-9 Section-C at St. Joseph's College, Prayagraj, father's name was mistakenly recorded as **UDAY SHANKER** instead of **UDAY SHANKER SINGH KUSHWAHA.** Father's Correct and legal name is **UDAY SHANKER SINGH KUSHWAHA** which should be recorded in all future correspondence and school documents/records.
Uday Shanker Singh Kushwaha
Vill+Post- Andhaun
Distt-Ghazipur, Pin 233305 U.P.

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत अनटाइड फण्ड एवं जिला निधि के अन्तर्गत चयनित कार्यों की ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 01.10.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 13.10.2026 को सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। आमंत्रित निविदायें दिनांक 14.10.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे अपर मुख्य अधिकारी कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र शुल्क एवं ब्याने की धनराशि अलग-अलग बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/ प्रपत्र-5 जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत चित्रकूट के पक्ष में भुगतान हेतु देय होगी की पठनीय स्कैन प्रतियां एवं प्रत्येक निविदादाता द्वारा 100/-के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र निर्धारित प्रपत्र पर आनलाइन स्कैन करते हुए निविदा में लगाया जायेगा। निर्माण कार्यों का विवरण एवं शर्तें की जानकारी ई-टेण्डर की वेबसाइट पर देखी जा सकती है साथ ही निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(राकेश कुमार) अभियन्ता जिला पंचायत चित्रकूट
(विजय प्रकाश वर्मा) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत चित्रकूट (उ.प्र.)
(अशोक कुमार) प्रशासक जिला पंचायत चित्रकूट (उ.प्र.)

पत्रांक 1257-1/निर्माण-ई-निविदा सूचना/जि0पं0चि0/2026-27 दिनांक 28.09.2026

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान
इलाहाबाद प्रयागराज-२११००४ए भारत
Motilal Nehru National Institute of Technology
Allahabad Prayagraj-211004, India

विज्ञापन संख्या 08/2026, दिनांक 29.09.2026

संविदा के आधार पर अंशकालिक प्रशिक्षक पदों पर भर्ती के लिए दिनांक 09.10.2026 को सुबह 09.30 बजे से वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जायेगा।
अधिक जानकारी-पात्रता, शैक्षणिक योग्यता, वेतन और आवेदन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी संस्थान की वेबसाईट http://www.mnnit.ac.in पर उपलब्ध है।

CBC 21306/11/0004/2627

लापता वृद्ध मां की तलाश में दर-दर भटक रहीं बेटियां

बहू से विवाद के बाद १४ सितंबर को घर से निकली थीं पुनिया देवी

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखुआ निवासी ७० वर्षीया वृद्धा पुनिया देवी बीते पखवाड़े भर से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हैं। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं लगा, तो बेटियों ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी है।

मिली जानकारी के अनुसार, पिलखुआ गांव निवासी राम प्रसाद की ७० वर्षीया पत्नी पुनिया देवी बीते १४ सितंबर की सुबह घर से निकली थीं, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटीं। बताया जाता है कि घर में बहू के साथ किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद वह क्षुब्ध होकर घर छोड़कर चली गयी थीं। मां के लापता होने की सूचना पाकर उनकी तीनों बेटियां-शकुंतला देवी, सोनी देवी और शोभा देवी मायके पहुंचीं। पिछले १५ दिनों से तीनों बेटियां हाथों में मां की तस्वीर और पर्चे लेकर गांव-गांव, बाजारों एवं रेलवे स्टेशनों पर भटक रही हैं और लोगों से उनके बारे में पूछताछ कर रही हैं। बेटियों और परिजनों ने आम जनता से भावुक अपील की है कि यदि किसी को भी वृद्धा के संबंध में कोई जानकारी मिले, तो अविलंब स्थानीय पुलिस या उनके परिवार को सूचित करें। वहीं मऊआइमा पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर वृद्धा की तलाश में जुटी हुई है।

आज का मुहूर्त

दिनांक- २ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन कृष्ण पक्ष
तिथि- षष्ठी दिन में १२.१८ तक उपरान्त सप्तमी
वार- शुक्रवार
नक्षत्र- रोहिणी प्रातःकाल ०७.३० तक मृगशिरा भोर ०५.४२ तक
योग- व्यतिपात रात्रि ०९.५६ तक उपरान्त वरीयान
राशि- वृष सायंकाल ०६.३१ तक उपरान्त मिथुन
सूर्योदय- ०६.०६ बजे
सूर्यास्त- ०५.५४ बजे
भद्रा- दिन में १२.१८ से रात्रि ११.०५ तक
मुहूर्त- रात्रि ११.०५ के बाद गर्भाधान एवं औषधि सेवन का मुहूर्त है।
विशेष- आज षष्ठी एवं सप्तमी का श्राद्ध है। महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती।

अवैध प्लाटिंग पर पीडीए का शिकंजा, कई लोगों पर मुकदमा

बंधवा ताहिरपुर में बिना अनुमति प्लाटिंग का आरोप, मौके पर कारवाई

झूंसी (प्रयागराज)। झूंसी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने कारवाई तेज कर दी है। आराजी संख्या १०८, बंधवा ताहिरपुर में बिना सक्षम अनुमति प्लाटिंग और निर्माण गतिविधियों के मामले में पीडीए की ओर से सुनील कुमार यादव, इशरत अली सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गयी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीडीए के अनुसार, संबंधित भूमि पर अनधिकृत प्लाटिंग की जानकारी मिलने पर जोनल अधिकारी के नेतृत्व में कारवाई शुरू की गयी थी।

प्राधिकरण ने पूर्व में संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर गतिविधियां बंद करने के निर्देश दिये थे, लेकिन इसके बावजूद काम जारी रहा।

२९ सितंबर को पीडीए की प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर अनधिकृत प्लाटिंग को निष्प्रभावी करने की कारवाई की। इसके बाद अवर अभियंता रूपेश पटेल ने थाना झूंसी में तहरीर देकर संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कारवाई का अनुरोध किया। पीडीए अधिकारियों के मुताबिक बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अथवा सक्षम अनुमति के प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कारवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने कहा कि अवैध प्लाटिंग में भूखंड खरीदने वाले लोगों को भविष्य में परेशानी हो सकती है।

उप डाकघर में बिजली के तार काटकर चोरी, दिनभर ठप रहा कामकाज

नैनी (प्रयागराज)। नैनी क्षेत्र स्थित उप डाकघर में बुधवार रात अज्ञात चोर बिजली के तार और मुख्य केबल काटकर ले गए। केबल कटने से डाकघर की बिजली गुल हो गई और पूरा कंप्यूटर सिस्टम ठप हो गया। इसके चलते गुरुवार को रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल और बचत खातों से जुड़े कामकाज प्रभावित रहे और उपभोक्ताओं को बैरंग लौटना पड़ा।

घटना की जानकारी गुरुवार सुबह कर्मचारियों के ड्यूटी पर पहुंचने पर हुई। कर्मचारियों ने देखा कि बिजली आपूर्ति से जुड़े तार और मुख्य केबल काटे गए थे। चोरों की नजर इनवर्टर पर नहीं पड़ी, जिससे वह सुरक्षित बच गया, लेकिन मुख्य वायरिंग कटने से पूरा सिस्टम बंद हो गया।

घटना के बाद डाकघर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि इतने महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय के परिसर में सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगे हैं। इससे रात में परिसर में आने-जाने वाले संदिग्धों की पहचान करना पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। लोगों ने सीसीटीवी लगाने और रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

डाकघर के एटीएम प्रभारी आनंद प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि बिजली के तार कटने से कंप्यूटर समेत अन्य सेवाएं प्रभावित हुईं। मामले में डाकघर के अधिकारी नैनी कोतवाली में लिखित तहरीर देने पहुंचे हैं। एसपीएम आनंद कुमार के अनुसार घटना में विभाग को करीब १० से १२ हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। वायरिंग की मरम्मत के लिए मिस्त्री बुलाया गया है। मरम्मत पूरी होते ही सोमवार से डाकघर का कामकाज सामान्य रूप से शुरू कराने की बात कही गई है।

बच्चों ने गांधी जी को अर्पित की श्रद्धांजलि

फाफामऊ (प्रयागराज)।गद्दोपुर स्थित देव प्रयाग स्कूल में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर गुरुवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या गोल्डेन कौल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। पूर्णिमा सिंह और साजिया ने गांधी और शास्त्री के विचारों से बच्चों को अवगत कराते हुए सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सं.: **GSU-ST-JWK-KWW-9-2026** दिनांकः 28.09.2026

ई-निविदा सूचना

डिप्टी सीएसटीई गति शक्ति यूनिट (सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन) के द्वारा, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित फॉर्म पर खुली ई-निविदा, वर्णित खुलने की तिथि को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण इस प्रकार है-

क्र.सं.1.	**निविदा संख्या :** 9	**काम की अनुमानित लागतः** ₹ 147751864.08

कार्य का विवरण : प्रयागराज मंडल के बरहन-एटा खंड पर 'D' श्रेणी के जवाहरपुर कमसन स्टेशन और कुसवा स्टेशन को 2 कॉमन लूप के साथ 'B' श्रेणी के स्टेशन में बदलने के संबंध में नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का प्रावधान।

अग्रिम राशि : ₹ 2955000.00	**निविदा प्रपत्र की लागत :** ₹ 0.00
समापन अवधि : 24 Months	**निविदा खुलने की तिथि :** 21.10.2026

2. **निविदा प्रपत्र की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।
3. **धरोहर राशि जमा करना एवं उसका रूप :** उपरोक्त लिखित अग्रिम राशि केवल इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जानी चाहिए। निविदाकर्ता (ओं) को ध्यान देना चाहिए कि, किसी भी मामले में, उपरोक्त निर्दिष्ट के अलावा किसी अन्य रूप में धरोहर राशि स्वीकार्य नहीं होगी। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतया अस्वीकृत कर दी जाएगी।
4. **निविदा खुलने का समय तथा स्थान :** निविदा ई-निविदा के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में 12:30 बजे या उसके बाद खोली जाएगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होता है, तो निविदाएं अगले कार्य दिवस को खोली जाएंगी।
5. **निविदा की वैधता :** निविदा खुलने की तारीख से 60 दिन।
6. **निविदा से डील हेतु रेलवे के अधिकार :** रेल प्रशासन बिना कोई कारण बताए निविदा को स्थगित / संशोधित करने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **2218/26 (PH)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

बंदरों के हमले में छत से गिरी महिला की उपचार के दौरान मौत

मऊआइमा (प्रयागराज)। सुल्तानपुर खास गांव में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। करीब १५ दिन पहले बंदरों के हमले के दौरान छत से गिरी महिला की बुधवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गयी। गुरुवार को परिजनों ने शव को स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

सुल्तानपुर खास निवासी मोहम्मद असलम की पत्नी असगरी बेगम (४५) करीब १५ दिन पहले घर की छत पर गेहूं सुखाने गयी थीं। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। बचने के प्रयास में वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गईं। परिजनों ने पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में लखनऊ में उपचार कराया। हालत गंभीर होने पर उन्हें प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार देर रात उनकी मौत हो गयी।

स्थानीय लोगों के अनुसार बंदर अब तक रीमा कुमारी (१५), धनराज (१३), शुभम कुमार (१०), नीलम देवी (२५), पुष्पा देवी (३०), मीना कुमारी (४५) और मोहम्मद सैफ (२२) सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को काट चुके हैं। वन सेक्शन अधिकारी मसूद अहमद ने बताया कि बंदरों को पकड़वाने के लिए ग्राम प्रधान, एसडीएम और जिला अधिकारियों को लिखित सूचना देनी होगी। ग्राम प्रधान चंद्रसेन यादव ने भी अधिकारियों को पत्र देकर कारवाई की मांग करने की बात कही।

१०१ आरएएफ में श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

फाफामऊ (प्रयागराज)। शांतिपुरम स्थित १०१ आरएएफ कैंप में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। वाहिनी के कमांडेंट मनीष कुमार भारती के नेतृत्व में अधिकारियों और जवानों ने परिसर में सामूहिक श्रमदान कर साफ-सफाई की। इस दौरान विभिन्न स्थानों से कूड़ा-कचरा एकत्र कर उसका समुचित निस्तारण किया गया। अधिकारियों और जवानों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन की आदत और सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने का संदेश दिया। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर कैंप में रक्तदान शिविर भी लगाया गया। इसमें द्वितीय कमान अधिकारी हरिओम सागर, उप कमांडेंट नितिन कुमार, उप कमांडेंट नीरज कुमार सहित अधिकारियों और जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए सभी कार्मिकों को प्रेरित किया गया।

फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग

नैनी (प्रयागराज)। नैनी बाजार स्थित 'तिवारी ट्रेडर्स' नामक फर्नीचर की दुकान में गुरुवार शाम अचानक भीषण आग लग गयी। लपटें और धुएं का गुबार उठता देख पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गयी और मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गयी। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने स्थानीय नागरिकों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

जानकारी के अनुसार, नैनी बाजार में राजेश तिवारी की तिवारी ट्रेडर्स के नाम से फर्नीचर की बड़ी दुकान है। गुरुवार की शाम अचानक दुकान के ऊपरी हिस्से से काला धुआं और लपटें निकलती देख आसपास के दुकानदारों ने शोर मचाया।

लकड़ी और गद्देदार फर्नीचर होने के कारण देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह बिजली का शार्ट सर्किट बताई जा रही है। आगजनी की सूचना मिलते ही नैनी कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सीढ़ियों के सहारे ऊपरी हिस्से तक पाइप पहुंचाकर पानी की बौछारें शुरू कीं और आग को आसपास की अन्य दुकानों में फैलने से रोका।

दुकान स्वामी राजेश तिवारी के मुताबिक, गोदाम एवं दुकान में रखा लाखों रुपये मूल्य का तैयार फर्नीचर, प्लाईवुड एवं कच्चा माल जलकर पूरी तरह राख हो गया। राहत की बात यह रही कि समय रहते दुकान में मौजूद लोग बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि घनी आबादी वाले नैनी बाजार में इस तरह का यह पहला हादसा नहीं है। इससे पूर्व इसी दुकान के बगल स्थित एक फर्नीचर प्रतिष्ठान में आग लगने से भारी नुकसान हुआ था, जबकि कुछ समय पहले बाजार की इलेक्शन गली में क्राकरी की दुकान में भड़की आग की चपेट में आने से एक महिला की जान तक चली गयी थी। व्यापारियों ने बाजार में अग्निशमन सुरक्षा मानकों को पुख्ता करने की मांग उठाई है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

बारा/रामपुर (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत पुरवा खास गांव निवासी अवनीश कुमार उर्फ कल्लू (२६) की बुधवार देर रात बारा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सुबह हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार और कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, बुधवार की रात करीब १२ बजे अवनीश कुमार घरेलू बात को लेकर हुए विवाद के बाद घर से अपनी ससुराल गोरखा (थाना बारा) जाने के लिए निकला था। रास्ते में किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गंभीर चोटें आने से अवनीश की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। गुरुवार सुबह राहगीरों की सूचना पर पहुंची बारा थाना पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को अनहोनी की जानकारी दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और टक्कर मारकर भागने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। मृतक अवनीश कुमार मुंबई में एक निजी कंपनी में काम करता था और कुछ माह पूर्व ही अपने गांव पुरवा खास लौटा था। तीन भाइयों में सबसे छोटे अवनीश का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व हुआ था। अपने पीछे वह पत्नी और दो मासूम बेटियों परी एवं पीहू को रोता-बिलखता छोड़ गया है। असमय हुई इस मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।



मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं एवं पुलिसकर्मी।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

करछना पुलिस ने हेल्पलाइन नंबरों और कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

करछना (प्रयागराज)। मिशन शक्ति अभियान के तहत करछना पुलिस ने लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज भड़ेवरा सहित क्षेत्र के कई विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मुख्य कार्यक्रम लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डा. संतोष कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में हुआ।

एसआई वंदना सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और बिना डर अपनी शिकायत पुलिस तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। टीम ने स्कूल आते-जाते समय छेड़छाड़, सोशल मीडिया पर परेशानी या अन्य समस्या होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की। पुलिस ने १०९०, १८१, ११२, १०९८, १९३० और १०७६ हेल्पलाइन नंबरों के साथ एंटी रोमियो स्क्वाड और कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल अंजलि, प्रतीक्षा, कांस्टेबल संदीप कुमार बैस, अभिषेक कुमार, अखिलेश निषाद, चौकी प्रभारी गौरव यादव, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार और कांस्टेबल राजन यादव सहित विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

वाद पदों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5, नियम 1 और 5)
न्यायालयः ए.सी.जे.(एस. डी.) 14
स्थानः प्रयागराज **जिलाः** प्रयागराज
मूल वाद संख्याः 265 **सन्ः** 2025 ई0
वादीः बैंक ऑफ बड़ौदा
बनामः विजय कुमार व अन्य प्रतिवादी को
(1) **विजय कुमार** पुत्र कमला प्रसाद निवासीः बधाईया (बरेठी) पोस्ट- आसेपुर तहसील-हंडिया, जिला-प्रयागराज-221508
(2) कमला प्रसाद पुत्र मुन्नू सिंह, निवासीः बधाईया (बरेठी) पोस्ट- आसेपुर तहसील-हंडिया, जिला-प्रयागराज-221508

चूँकि वादी ने आपके खिलाफ ऋण वसूली के लिये वाद सस्थित किया है अतएव आपको एतद् द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यकरुपेण अनुदिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2026 के माह 11 के दिवस को 05 बजे **10.00** आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करे जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है।

आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्णवर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज **22.09.2026** के दिवस को निकाला गया। **न्यायाधीश**

सूचना
1- आपको यह अशंका है कि आपके साक्षीगण अपनी मर्जी से हाजिर नहीं होगें तो आप किसी साक्षी को हाजिर के लिये मजबूर करने के लिये और किसी दस्तावेज के पेशी कराने के लिये जिसे कि पेश करने की ऐसी समाहूत कराने के लिये आपको अधिकार है, सम्मन इस न्यायालय में आवेदन करने पर और आवश्यक व्यय का निक्षेप कर देने पर इसे न्यायालय से ले सकते हैं।
2- यदि आप दावे को स्वीकारोत्तर करते हो तो आपको धन के खर्चों के सहित इस न्यायालय में जमा कर देना चाहिए कि ऐसी आज्ञाप्ति का निष्पादन जो कि आपने व्यक्तित्व या सम्पत्ति या दोनो के खिलाफ हो परिवर्जित हो जाय।

वाद पदों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5, नियम 1 और 5)
न्यायालयः ए.सी.जे.(एस.डी.) 14
स्थानः प्रयागराज **जिलाः** प्रयागराज
मूल वाद संख्याः 196 **सन्ः** 2025 ई0
वादीः बैंक ऑफ बड़ौदा
बनामः वन्दना केसरवानी प्रतिवादी को
(1) **विजय कुमार** पुत्र कमला प्रसाद निवासीः बधाईया (बरेठी) पोस्ट- आसेपुर तहसील-हंडिया, जिला-प्रयागराज-221508
(2) कमला प्रसाद पुत्र मुन्नू सिंह, निवासीः बधाईया (बरेठी) पोस्ट- आसेपुर तहसील-हंडिया, जिला-प्रयागराज-221508

चूँकि वादी ने आपके खिलाफ ऋण वसूली के लिये वाद साबित किया है अतएव आपको एतद् द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यकरुपेण अनुदिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2026 के माह 11 के दिवस को 05 बजे 10.00 आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करे जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है।

आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्णवर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज **22.09.2026** के दिवस को निकाला गया। **न्यायाधीश**

सूचना
1- आपको यह अशंका है कि आपके साक्षीगण अपनी मर्जी से हाजिर नहीं होगें तो आप किसी साक्षी को हाजिर के लिये मजबूर करने के लिये और किसी दस्तावेज के पेशी कराने के लिये जिसे कि पेश करने की ऐसी समाहूत कराने के लिये आपको अधिकार है, सम्मन इस न्यायालय में आवेदन करने पर और आवश्यक व्यय का निक्षेप कर देने पर इसे न्यायालय से ले सकते हैं।
2- यदि आप दावे को स्वीकारोत्तर करते हो तो आपको धन के खर्चों के सहित इस न्यायालय में जमा कर देना चाहिए कि ऐसी आज्ञाप्ति का निष्पादन जो कि आपने व्यक्तित्व या सम्पत्ति या दोनो के खिलाफ हो परिवर्जित हो जाय।